# संवेदनशील मतदान केन्द्रों पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा

## पड़ोसी राज्य तेलंगाना, आन्ध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, ओड़िशा की स्पेशल फोर्स भी संभालेगा सीमा पर मोर्चा

जगदलपुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण मतदान 19 अप्रैल को होना है। इसके लिए चुनाव आयोग के मापदण्ड अनुसार केन्द्रीय अर्द्धसैनिक बल एवं स्थानीय पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। नक्सल संवेदनशील 156 से अधिक मतदान केन्द्रो पर तीन स्तरीय सुरक्षा घेरा रहेंगा। माओवादी गतिविधियों के निगरानी ड्रोन एवं हेलीकॉप्टर के माध्यम से की जा रही है। बम डिस्पोजल दल एवं डॉग स्क्वॉड का भी महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। अंदरूनी क्षेत्र के मतदान दलो को हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया गया है। सुरक्षात्मक कारणों से विधानसभा बीजापुर, नारायणपुर, अंतागढ़, दन्तेवाड़ा एवं कोन्टा के कुछ मतदान केन्द्र को नजदीकी थाना एवं सुरक्षा कैम्प के पास शिफ्ट की गई है।



**निडर होकर करें मतदान - सुन्दरराज पी.**

आईजी बस्तर रेंज, सुन्दरराज पी. ने बताया कि बस्तर क्षेत्र की बदलते हुये परिदृश्य से बौखलायें हुये प्रतिबंधित एवं गैर कानूनी माओवादी संगठन द्वारा चुनाव प्रक्रिया को बाधित करने के लिये लगातार हिंसात्मक गतिविधियों को अंजाम देने के लिये प्रयास किया जा रहा है। ये माओवादी संगठन का पुराना तौर तरीका है, जो उनकी लोकतंत्र विरोधी चेहरा का प्रमाण है। दूसरी ओर बस्तर के क्षेत्रवासियों तथा स्थानीय प्रशासन एवं समस्त सुरक्षा बल सदस्य द्वारा गणतंत्र व्यवस्था को मजबूत करने तथा बस्तर की शांति, सुरक्षा एवं विकास हेतु संकल्पित है। उन्होंने बस्तर संभाग के नागरिकों को चुनाव प्रक्रिया हेतु की जा रही समस्त सुरक्षा बंदोबस्त से आश्वास्त करते हुये मतदाताओं को बिना किसी डर एवं भय के अधिक से अधिक संख्या में मतदान केन्द्र तक पहुंचकर अपना संवैधानिक जिम्मेदारी को निभाने हेतु अपील की गई है।

**शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक पुलिस की नजर**

लोकसभा चुनाव को लेकर एसपी के नेतृत्व में बस्तर जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। चुनाव के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रहे इसके लिए पुलिस की तरफ से सभी उपाय किए जा रहे हैं। मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग बिना किसी डर व भय के निष्पक्ष और निर्भीक रुप से कर सकें, इसके लिए पुलिस प्रशासन की तरफ से सभी माकूल प्रबंध किया गया हैं। पुलिस जवानों को चुनाव के तहत चौकसी के साथ कर्त्तव्य का निर्वाहन करने की और सुरक्षा के लिए बेहतर ढंग से निगरानी रखने के निर्देश दिए गए।

### संवेदनशील पोलिंग बूथ में 3 बजे तक मतदान

*पहले चरण के लोकसभा चुनाव के तहत बस्तर सीट में शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होना है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कोंडागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा, वहीं बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह 7 बजे से शाम पांच बजे तक मतदान होगा। जगदलपुर क्षेत्र एक ऐसा क्षेत्र है जिसमें दोनों समय सारणी में मतदान किया जाएगा। जगदलपुर के 72 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से 3 तीन बजे तक, जबकि 175 मतदान केंद्रों में सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होगा।*

# एक महीने विराम के बाद शादी-विवाह फिर शुरू

## मांगलिक कार्य शुरू होते ही सोना 75 हजारी

जगदलपुर 18अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। खरमास समाप्त होने के साथ शुभ मुहूर्त पर वैवाहिक कार्य शुरू हो गए हैं। मांगलिक कार्यक्रमों के शुरू होते ही सराफा बाजार की चमक से शादी-विवाह करने वाले मध्यम व कमजोर वर्ग के लोगों की ज्वेलरी खरीदने की उम्मीद टूटने लगी है। सोना 10 ग्राम की कीमत 75 हजार रुपए पहुंच गई है, वहीं चांदी प्रति किलो 70 हजार रुपए हो गई है। ऐसे में जो लोग सोना व चांदी के आभूषण अभी होने वाले विवाह के लिए नहीं खरीद पाए थे, उन्हें अब खरीदना महंगा पड़ेगा। अधिकांश लोग तो ऐसे भी हैं, जिनके बजट में भी नहीं रह गया है।



खरमास समाप्त होने के साथ ही ग्रामीण अंचल में शादी विवाह शुरू हो गया है। शादी वाले घर में हर कोई अपनी बिटिया के लिए अपनी हैसियत के अनुसार सोने व चांदी के आभूषण देना चाहते हैं। जो लोग सक्षम होते हैं, वे तो अपनी इच्छा पूरी कर लेते हैं, लेकिन जिनकी आर्थिक स्थिति कमजोर होती है। वे केवल नाम के लिए आभूषणों की खरीदी कर पाते हैं। ऐसे लोगों को सोने व चांदी की कीमतों के बढ़ने से आभूषण खरीदने के लिए सोचना पड़ेगा, फिर भी सराफा बाजार में ज्वेलरी की डिमांड वैवाहिक मुहूर्त शुरू होने से बढ़ गई है।

### 2020 में सोना पहुंच गया था 58 हजार

सराफा बाजार की बात करें तो प्रतिदिन कीमतों में उतार चढ़ाव बना रहता है। इसके कारण कीमतों में अंतर होती रहती है, लेकिन जो अंतर वर्तमान में आया है वह एक रिकार्ड ही है। सोना की कीमत वर्ष अगस्त 2020 में 58 हजार रुपए प्रति दस ग्राम हो गई थी। उसके बाद इसकी कीमतों में गिरावट शुरू हो गई, जबकि फरवरी 2021 में सोना 47 हजार रुपए प्रति दस ग्राम तक पहुंच गया। उसके बाद से कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव बना हुआ है।

***13 साल में 40 हजार 57 रुपए की बढ़ोतरी***

सोने-चांदी के आभूषणों की कीमतों में उछाल इस कदर हुआ है कि 13 साल पहले जो सोना 18500 रुपए प्रति 10 ग्राम था, उसकी कीमत 40050 रुपए बढ़कर 75 हजार रुपए तक हो गई है। इसी तरह चांदी की कीमतों में भी इन वर्षों में भी रिकार्ड बढ़ोतरी हुई की है। सोने-चांदी की कीमतों में तेजी को लेकर जानकारों का कहना है कि मार्केट में डिमांड बढ़ने व अधिक से अधिक लोगों के इसमें निवेश करने की वजह से बनी हुई है।

# माओवादियों ने जारी की मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों की सूची

जगदलपुर, 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। माओवादियों के दंडकारण्य क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन की तरफ से एक विज्ञप्ति जारी की गई है जिसमे मंगलवार को कांकेर जिले में हुई मुठभेड़ में मारे गए माओवादियों के नाम लिखे गए हैं। कांकेर जिले के छोटे वेटिया थाना अतंर्गत हुई मुठभेड़ को इस विज्ञप्ति में विश्वासघात से हुई अत्यंत भीषण मुठभेड बताया गया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि पुलिस मुठभेड के तुंरत बाद से प्रचारित किए जा रहे नाम सही नही है। गलत नामों की वजह से संगठन के लोगों में गलतफहमी



पैदा हो गई है जिसे दूर करने के लिए यह सूची मीडिया को उपलब्ध कराई गई है।माओवादी संगठन की तरफ से यह विज्ञप्ति उनकी प्रवक्ता रामको हिचामी ने जारी की है। इस सूची में मारे गए 27 माओवादियों के नाम लिखे है साथ ही बताया गया है कि दो अन्य लोगों की जानकारी माओवादियों के पास भी नहीं है।

***मारे गए माओवादियों के नाम इस प्रकार हैं***


शंकर डीविसी एम जिला वरांगल ( जय शंकर भोपलपल्ली ) गॉव चल्लागरीग, बदरू दक्षिण बस्तर करेगूडेम, अनिता पूर्व बस्तर खोन्डोस, विनोद मानपुर क्षेत्र, रीता मानपुर क्षेत्र,रमेश ओयम भैरमगढ़ गांव वेच्छाम, बचनू गंगालूर अवकेम, सुरेखा गडचिरोली, मिडदापल्ली, कविता नेण्डूर, रजिता आदिलाबाद, भूमे दक्षिण बस्तर गांव अपेल, कार्तिक पश्चिम बस्तर गांव मरूम,रोशन दर्भाडिवीजन, देवाल गंगालीर गांव पिडिया, दीनू (गुडडू) दुरदा, अन्वेश दक्षिण बस्तर उकूड़, जनिला उर्फ मोदी कोवादी बस्तर कोरेन्जेड़ ,संजिला मड़कम बस्तर करका, गीता ताकीलोड इन्द्रवाति, राजू कुरसाम प्रकेली, शर्मिला इन्द्रवाति बटवेड़ा , सुनिला इन्द्रवातिरेकावाई, शंतिला उत्तर बस्तर कुम्डीगुण्डा, पिन्टो गटूम, बजनात उत्तर बस्तर वटेकल,शीला इन्द्रवाति ऊतला, जैनी उत्तर बस्तर वटेकल। इस तरह 27 लोगों के नाम जारी किए गए हैं और शेष दो लोगों की जानकारी उनके पास उपलब्ध नहीं होने की बात इस विज्ञप्ति में लिखी गई है।

## सभी 57 रूट पर 270 मतदान दल बसों से पहुंचे मतदान केन्द्र

दंतेवाड़ा 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले के विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-88 दंतेवाड़ा के लिए मतदान सम्पन्न कराने हेतु आज मतदान दलों को डाइट परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री ईबीएम सहित वीवीपैट आदि वितरित किया गया। इस दौरान मास्टर्स ट्रेनर्स के द्वारा जहां अधिकारी एवं कर्मचारियों को पुनः एक बार मतदान प्रक्रिया की ईवीएम और वीवीपैट की विस्तृत जानकारी दिया गया। वहीं मॉकपोल सीलिंग प्रक्रिया के अलावा विभिन्न प्रपत्रों को प्रतिपूरित करने इत्यादि के बारे में सतर्कता बरतने की समझाइश दी। इसके पश्चात मतदान दल, माइक्रो आब्जर्वर, रिजर्व दल एवं सुरक्षा बल सभी 57 अलग-अलग रूटों पर निर्धारित वाहनों से मतदान केन्द्रों के लिए सुरक्षा व्यवस्था के साथ रवाना हुयें। और समीपस्थ मतदान केंद्रों के मतदान दल अपने गन्तव्य तक पहुंच चुकें है। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के द्वारा सभी मतदान दल के कर्मियों को सफल मतदान सम्पादित करने सहित अन्य प्रपत्रों को ध्यानपूर्वक भरने को कहा एवं शुभकामनाएं दी।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव का भव्य आयोजन

जगदलपुर 18अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। अहिंसा के अवतार 24 वें तीर्थकर भगवान श्री महावीर स्वामी का 2623 वां जन्म कल्याणक दिवस 21 अप्रेल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को हर्षोल्लास से मनाने श्री ओसवाल जैन श्वेताम्बर समाज जगदलपुर द्वारा 19 अप्रेल से 21 अप्रेल तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित है। इस दौरान समाज के महिला एवं युवा संगठन द्वारा विभिन्न धार्मिक एवं संस्कृति कार्यक्रम आयोजित किया जावेगा।



महोत्सव की जानकारी देते हुए समाज के महासचिव देवीचंद संचेती ने बताया कि त्रिदिवसीय महोत्सव में समाज के सभी सदस्यों को जोड़ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत 19 अप्रेल को रात्रि 8 बजे से समाज के युवाओं की संस्था जैनिज्म ग्रुप लाइट कैमरा एक्शन कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही है। 20 अप्रेल को जैन सोशल वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा समाज में विशिष्ट कार्यो हेतु समाज श्री एवं युवा रत्न अलंकरण भी प्रदान किया जाएगा। 21 अप्रेल को समाज की महिला शाखा द्वारा विभिन्न महिला मंडल एवं बच्चों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेगी। 21 अप्रेल चैत्र शुक्ल त्रयोदशी रविवार को प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी, पुजा अर्चना, तत्पश्चात बाइक रैली उसके बाद श्वेताम्बर एवं दिगंबर जैन समाज द्वारा संयुक्त रूप शोभायात्रा का आयोजन किया गया है।

# पच्चटद वोटवाटड थीम पर सजाया गया आदर्श मतदान केंद्र

बीजापुर 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। बीजापुर जिला वन परिक्षेत्र होने के कारण आदर्श मतदान केंद्र को पच्चटद वोटवाटड की थीम में सजाया गया है। यह एक गोंडी शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ ग्रीन वोट देना होता है। प्राकृतिक सौंदर्य और बांस शिल्प कला और ताड़ी और सल्फी के पेड़ की पत्तियों के छांव के बीच मतदाताओं को भरी गर्मी में भी शीतलता का एहसास होगा ।



खूबसूरत सेल्फी जोन के माध्यम से लोकसभा निर्वाचन 2024 के चुनाव में अपनी भागीदारी को मतदाता यादगार बना पाएंगे। गोबर से लिपाई और मटके का शीतल जल मतदाताओं को ग्रामीण परिवेश का एहसास दिलाएगा। जिले में पांच मतदान केंद्र क्रमशः जनपद पूर्व माध्यमिक शाला बीजापुर, कन्या प्राथमिक शाला बीजापुर, नवीन कन्या माध्यमिक शाला बीजापुर, कन्या प्राथमिक शाला भैरमगढ़, प्राथमिक शाला भवन गोटाईगुड़ा को आदर्श मतदान केंद्र के रूप में तैयार किया गया है।

आदर्श मतदान केंद्र का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग पाण्डेय और जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप नोडल अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार उपनिदेशक इंद्रावती टाइगर रिजर्व एवं आदर्श मतदान केंद्र नोडल अधिकारी श्री संदीप कुमार बलगा ने आवश्यक निर्देश दिए।

## झांकी विसर्जन...



जगदलपुर, 18 अप्रैल। (दण्डकारण्य समाचार)। रामनवमी के अवसर पर स्थानीय सिरहासार भवन में राम दरबार संस्था के द्वारा विराजित अशोक वाटिका, शबरी और राम मिलन की झांकिया निकाल कर मूर्तियों का विसर्जन गुरूवार को किया गया।

## कोण्डागांव जिले से 296 मतदान दलों को किया गया रवाना

कोण्डागांव, 18 अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के प्रथम चरण के मतदान के लिए 296 मतदान दलों को हरी झंडी दिखाकर मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार भी मौजूद थे। उन्होंने बसों एवं वाहनों में जाकर मतदान दलों से चर्चा की और सफलतापूर्वक मतदान कार्य के संपादन के लिए शुभकामनाएं दीं। उल्लेखनीय है कि तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले के कोंडागांव विधानसभा और नारायणपुर (आंशिक) विधानसभा क्षेत्र के 298 मतदान केन्द्रों में 19 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। गुरुवार को मतदान दलों को शासकीय शहीद गुण्डाधुर महाविद्यालय से मतदान सामग्री के साथ मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया गया। वहीं 02 मतदान दलों को बुधवार को ही हेलीकॉप्टर द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों के मतदान केंद्रों में पहुंचाया जा चुका है। निर्वाचन कार्यों के लगे आवश्यक सेवाओं के कर्मियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा प्रदान की गई थी।

# अंग्रेजी शराब परिवहन करते आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

जगदलपुर 18अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र नजर पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशन में अवैध शराब तस्करी करने वालों पर नजर रखने के साथ कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में 17 अप्रैल को मुखबिर की सूचना पर एक आरोपी को गिरफ्तार कर 31.200 लीटर अंग्रेजी शराब, कीमत 5280 रूपये के साथ एक नग मोटर साइकिल जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सुचना मिला की एक व्यक्ति अपने मोटर साइकिल में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब रखकर परिवहन कर रहा है। सूचना पर हमराह स्टाफ मारकेल चौक मैन रोड में घेराबंदी कर आरोपी संतोष नायक (23) निवासी ग्राम बारदा थाना बस्तर को पकड़ कर आरोपी के




कब्जे से 48 नग किंगफिशर का बियर बाटल, कुल जुमला 31.200 लीटर जब्त किया गया। जिसकी कीमती 5280 रूपये है। आरोपी के खिलाफ धारा 34( 2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# खरीफ फसल, किसानों को प्रति हेक्टेयर 2 हजार अधिक मिलेगा ऋण

जगदलपुर 18अप्रैल (दण्डकारण्य समाचार)। खेती-किसानी करने के लिए हर साल मजदूरी के साथ खाद्य-बीज और दवाई के दाम में लगातार हिजापा हो रहा है। खरीफ वर्ष में सहकारी बैंक से ऋण लेकर किसानी करने वाले किसानों को अब पहले से 2 हजार रुपए ज्यादा ऋण मिलेगा। सरकार ने ऋण लेने की राशि में प्रति हेक्टेयर की बढ़ोतरी की है। सिंचित क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर 2 हजार रुपए, वहीं असिंचित क्षेत्र में प्रति हेक्टेयर 1 हजार रुपए अधिक दिए जाएंगे। किसानों को इससे कुछ हद तक राहत मिलेगा।

जिला सहकारी बैंक से मिली जानकारी के अनुसार इस साल बस्तर संभाग में 800 करोड़ कर्ज बांटने का लक्ष्य रखा है। ऋण की राशि में बढ़ोतरी होने से किसानों को अब ज्यादा रुपए मिलेंगे, साथ ही खेती-किसानी के काम में भी मदद मिलेगी। वहीं 1 अप्रैल से नए खरीफ वर्ष की शुरूआत हो चुकी है। इसके तहत संभाग के 258 समितियों में खाद, बीज, दवा भंडारण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। वर्तमान में समितियों में 18 हजार टन खाद का भंडारण किया जा चुका है। वहीं बस्तर जिले में 1200 किवंटल बीज का भंडारण किया गया है। दूसरे जिले में बीज निगम द्वारा वितरण किया जाएगा। जिला सहकारी बैंक में पंजीकृत होने वाले किसानों को ही ऋण खरीफ वर्ष 2024-25 में मिलेगा। किसानों को प्रति हेक्टेयर 55 हजार रुपए सिंचित क्षेत्र में दिया था। अब इसकी राशि बढ़कर 57 हजार हो गई है। बीते वर्ष 44 हजार ऋण असिंचित क्षेत्र में दिया गया था, जिसकी राशि बढ़कर अब 45 हजार रुपए की गई है। इसमें 60 प्रतिशत नगद और 40 प्रतिशत सामग्री खाद, बीज, दवा के माध्यम से ऋण बांटा जाएगा। बीते साल खरीफ वर्ष 2023-24 में सिंचित क्षेत्र में 3 हजार और असिंचित क्षेत्र में 2 हजार रुपए राशि बढ़ाई गई थी। बीते साल के मुकाबले इस साल राशि में 1 हजार रुपए कम बढ़ोतरी हुई है।


अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त नेत्र चिकित्सालय

लेजर एवं फेको नेत्र चिकित्सालय

बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग.

फोन : 07782-223589, 9425590111



सुविधाएं

**फेको सर्जरी :** मोतियाबिन्द की सर्वश्रेष्ठ विधि फेको है, फेको विधि में 2.8 मि. मि. के छोटे से चीरे द्वारा फोल्डेबल लैंस का प्रत्यारोपण कर तुरंत छुट्टी दी जाती है (इनमें भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती)

**ग्रीन लेजर :** डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, सिकलसेल के मरीजों को रेटीना में खून के धब्बों का विशेष इलाज (मरीजों को भर्ती होने की आवश्यकता नहीं होती है)

**फ्लोरोसिन एंजियोग्राफी :** डायबिटिक रेटिनोपथी, मेक्यूलोपथी व उम्र के कारण परदे की बीमारी की फोटोग्राफी की सुविधा

**यॉग लेजर :** कांच बिन्द एवं मोतियाबिन्द झिल्ली की विशेष इलाज

**नेत्र परीक्षण:** जापानी कम्प्यूटर द्वारा नेत्र परीक्षण व नम्बर जांच की सुविधा

कृत्रिम लेंस प्रत्यारोपणः मल्टीफोकल फोल्डेबल लैंस प्रत्यारोपण

**सोइनेप्टोफोर :** तिरछापन व नेत्र पेशियों की कमजोरी का इलाज व एक्सरसाइज

**सोनोग्राफी:** बी. स्केन, कलर डापलर

**कॉन्टेक्ट लैंस :** सॉफ्ट एवं रंगीन लैंस

डॉ. मनीष बंसल

M.S. (Ophthalmology)

नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको एवं लेजर सर्जन

रजि. न. CGMC 9715/2020

पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल

बंसल नर्सिंग होम थ्री- डी कलर सोनोग्राफी एवं टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर

बालाजी वार्ड, जगदलपुर,

फोन : 07782-224020/223589


मुद्रक व प्रकाशक विश्वरूप बोस द्वारा मालिक विश्वरूप बोस के लिए दण्डकारण्य समाचार, समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से मुद्रित एवं समाचार काम्पलेक्स, वृन्दावन बाग, जगदलपुर, बस्तर, छ.ग. से प्रकाशित : प्रधान संपादक - श्रीमती मणिकुंतला बोस
संपादक - विश्वरूप बोस Post Box No.- 8, ☎ Office - 07782/227594 Fax- 07782/227593 E-mail: news@dandakaranyasamachar.com Website: www.dandakaranyasamachar.com